झ) जल्दी जाना चाहिए ..................................... समय पर पहुँच सकें।

ञ) अध्यापिका ने समझाया था ............................................... काम को टाला मत करो।

प्रश्नः 2) निम्नलिखित वाक्यों में समुच्चयबोधक छाँटकर अलग कीजिएः–

क) प्रमोद ने कोशिश तो बहुत की किंतु वह विनोद से आगे न निकल सका।

ख) धनी हो या निर्धन सभी सम्मान के साथ जीना चाहते हैं।

ग) यह पुस्तक मेरी है न कि तुम्हारी।

घ) अभी से मेहनत करो ताकि सफल हो सको।

ङ) भारत स्वतंत्र हो गया परंतु जनता को सुख नहीं मिला।

च) आपको क्या अच्छा लगता है–दूध या चाय ?

छ) लाला श्यामनाथ धनी हैं परंतु कंजूस है।

ज) दीपक बीमार था इसलिए स्कूल नहीं आ सका।

ञ) लड़के और लड़कियों ने बहुत शोर मचाया।

ट) यदि हम पेड़ लगाएँगे तो धरती बची रहेगी।

# विस्मयादिबोधक

प्रश्नः 1) निम्नलिखित वाक्यों में विस्मयादिबोधक शब्दों को रेखांकित करके उनके सामने लिखिएः–

क) छिः ! यहाँ क्या कर रहे हो ? ————————————

ख) हाय रे ! यह क्या हो गया ? ————————————

ग) शाबाश ! तुम बहुत होशियार हो। ————————————

घ) ओहो ! कहाँ गए थे ? ————————————

ङ) हाँ जी ! ऐसा ही होगा। ————————————

प्रश्न 2) नीचे लिखे वाक्यों में रिक्त स्थान की पूर्ति विस्मयादिबोधक शब्दों से कीजिएः–

क) ————————————! वह अभी तक नहीं आया।

ख) ———————————— ! कितनी सुंदर गुड़िया ?

ग) ———————————— ! खुश रहो !

घ) ———————————— ! फिर कभी ऐसा न करना।

ङ) ———————————— ! ऐसा ही करो।

च) ———————————— ! चारपाई के नीचे साँप।

छ) ———————————— ! यह सामान ऊपर दे आओ।

ज) ———————————— ! इसी तरह मेहनत करते रहो।

झ) ———————————— ! यह तो गंदी है।

ञ) ———————————— ! बहुत अधिक सर्दी है।

प्रश्न 3) निम्नलिखित विस्मयादिबोधक शब्दों से वाक्य बनाइएः–

क) वाह !————————————————————————————————

ख) धत् !————————————————————————————————

ग) अरे !————————————————————————————————

घ) छिः – छिः !————————————————————————————

ङ) खूब !————————————————————————————————

च) बहुत सुंदर !——————————————————————————————

छ) खबरदार !——————————————————————————————

ज) उफ् ! ————————————————————————————————

झ) बाप रे बाप ! ——————————————————————————

प्रश्नः 4) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित अव्यय द्वारा कीजिए और भेद भी लिखिएः–

क) हिरन —————————— भागता है।

ख) —————————— मत बैठो।

ग) छोटा बच्चा माता —————————— नहीं रह सकता।

घ) मेरा कहना मान लो—————————— पछताओगे।

ङ) कमरे के ——————————कोई है।

च) —————————— ! तुमने कंप्यूटर सीख लिया।

छ) इला, मानसी —————————— प्रसून कंप्यूटर चला रहे हैं।

ज) पढ़ो —————————— चुपचाप बैठो।

झ) उसने मेहनत तो बहुत की —————————— सफलता नहीं मिली।

ञ) —————————— ! भारतीय सेना के जवानों।

# विराम-चिह्न

प्रश्नः 1) निम्नलिखित शब्दों के विराम – चिह्न लिखिएः–

अल्पविराम ——————————

पूर्णविराम ——————————

प्रश्नसूचक ——————————

विस्मयादिसूचक ——————————

योजक – चिह्न ——————————

लाघव–चिह्न ——————————

प्रश्नः 2) निम्नलिखित वाक्यों में लगे विराम–चिह्नों को शुद्ध कीजिएः–

क) तुम कहाँ जा रहे हो ।

......................................................................................................................................

ख) गोस्वामी तुलसीदास ने ''रामचरितमानस'' लिखा !

......................................................................................................................................

ग) पिताजी बोले, क्या यह खेलने का समय है।

......................................................................................................................................

घ) कृ० प ० उ० और पूरा अनुच्छेद पढ़िए ?

......................................................................................................................................

ङ) उसके माता, पिता घर पर नहीं हैं।

......................................................................................................................................

च) बाजार से फल; सब्जियाँ; कपड़े और किताबें लानी है।

..............................................................................................................................................

छ) माँ ने पूछा, तुम कब पढ़ोगे।

..............................................................................................................................................

ज) माता, पिता और भाई, बहन से प्यार करो।

..............................................................................................................................................

झ) वाह; तुम तो बड़े बहादुर निकले।

..............................................................................................................................................

ङ) बच्चे गाते, गाते खेल रहे थे, वे पूरे जोश में थे।

..............................................................................................................................................

प्रश्नः 3) निम्नलिखित गद्यांशों में उचित विराम–चिह्न लगाकर गद्यांशों को पुनः लिखिएः–

रेलवे स्टेशन पर पहुँचकर मैंने कुली से कहा ऐ कुली सामान सँभालो मैं टिकट ले लेती हूँ गाड़ी में चढ़कर मैं निश्चित हो गई गाड़ी में तरह तरह की बातें हो रही थीं कोई कुछ कह रहा था कोई कुछ। एक यात्री के हाथ में एक पुस्तक थी पुस्तक का नाम था आचार्य शुक्ल जीवनी और साहित्य

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

**औपचारिक-पत्र**

पड़ोस में हुई चोरी की शिकायत करते हुए अपने क्षेत्र के थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए।

सेवा में,

थानाध्यक्ष,

आर. के. पुरम.

नई–दिल्ली

**विषय- पड़ोस में हुई चोरी की शिकायत**

मान्यवर / महोदय

मैं आर. के. पुरम सैक्टर 14 का निवासी हूं। कल सुबह मैं उठा तो अचानक मैंने देखा कि पड़ोस के घर का गेट खुला पड़ा था।

.................................................................................................................................................

.................................................................................................................................................

.................................................................................................................................................

.................................................................................................................................................

.................................................................................................................................................

.................................................................................................................................................

.................................................................................................................................................

.................................................................................................................................................

.................................................................................................................................................

.................................................................................................................................................

मुझे विश्वास है कि आप मेरी शिकायत पर शीघ्र ही ध्यान देंगे और किसी पुलिस अधिकारी को जाँच के लिए भेजेंगे।


सधन्यवाद,

भवदीया,

क. ख. ग

तिथिः..................................

# चित्र वर्णन



**फरवरी** व्याकरण मुहावरे, अपठित पद्यांश, अपठित गद्यांश, विज्ञापन, चित्र वर्णन, अनुच्छेद लेखन, अनौपचारिक पत्र–लेखन, पुनराव त्ति कार्य।

## मुहावरे

**निम्नलिखित मुहावरों से वाक्य बनाइए:-**

1 आँखों का तारा (बहुत प्यारा)

..........................................................................................................

..........................................................................................................

2 आस्तीन का साँप (कपटी दोस्त)

..........................................................................................................

..........................................................................................................

3 आपे से बाहर होना (क्रोधित होना)

..........................................................................................................

..........................................................................................................

4 आना कानी करना (इनकार करना)

..........................................................................................................

..........................................................................................................

5 कमर टूटना (हिम्मत टूटना)

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

6 काँटा टूटना (हिम्मत टूटना)

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

7 खरी–खोटी कहना (बुरा–भला कहना)

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

8 गिरगिट की तरह रंग बदलना (बहुत शीघ्र विचार बदलना)

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

9 घड़ों पानी पड़ना (बहुत लज्जित होना)

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

10 चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना (घबरा जाना)

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

11 छाती पर मूँग दलना (जान–बुझकर दुःख देना)

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

12 तिल का ताड़ बनाना (छोटी–सी बात को बढ़ा देना)

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

13 ठोकर खाना (बेकार घूमना)

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

14 दो टूक जवाब देना (साफ–साफ उत्तर देना)

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

15 बात की धनी (वायदे का पक्का)

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

16 टाँग अड़ाना (अड़चन डालना)

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

17 दाल में कुछ काला होना (संदेह की बात होना)

..........................................................................................

..........................................................................................

18 कलेजे पर पत्थर रखना (सब्र करना)

..........................................................................................

..........................................................................................

19 अक्ल मारी जाना (बुद्धि नष्ट होना)

..........................................................................................

..........................................................................................

20 कलई खुलना (भेद खुलना)

..........................................................................................

..........................................................................................

21 आँखों में धूल झोंकना (धोखा देना)

..........................................................................................

..........................................................................................

22 आँखें नीची होना (लज्जित होना)

..........................................................................................

..........................................................................................

23 कमर कसना (तैयार होना)

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

24 हवाई क़िले बनाना (कल्पना में खोए रहना)

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

25 पानी–पानी होना (बहुत लज्जित होना)

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

26 फूला न समाना (बहुत खुश होना)

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

27 दिल दुखाना (कष्ट देना या सताना)

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

28 बाँयें हाथ का खेल (सरल कार्य)

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

# अपठित - पद्यांश / काव्यांश

प्रश्नः 1) इस पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए;

कैदी हमें बना क्यों रखा, हमने क्या अपराध किया है?
अरे मनुज, तुम हमें बताओ, हमने कौन बिगाड़ किया है?
हम निश्चित उड़ा करती हैं, कैदी नहीं बनाओ तुम,
खाने की परवाह न हमको, दाने नहीं दिखाओ तुम।
हमें सुहाता नीड़ घास का, नही चाहिए लोहे का घर,
तुम्हें प्रकृति से डर होता है, हमे नहीं है उसका डर।
गरमी, जाड़ा हो या वर्षा, हमको ज़रा परवाह नहीं
झुंड छोड़ एकाकी रहने, की है हमको चाह नहीं।

क) पक्षी क्या शिकायत कर रहा है?

________________________________________

________________________________________

ख) पक्षी का जीवन कैसा होता है?

________________________________________

________________________________________

ग) पक्षी को क्या बुरा लगता है?

________________________________________

________________________________________

घ) पक्षी को किस बात का डर नहीं है?

________________________________________

________________________________________

ङ) पक्षी हमें क्या कहने की कोशिश कर रहा है?

________________________________________

________________________________________

प्रश्नः 2) इस काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :–

लो इम्तिहान के दिन आए,
जो पुस्तक कभी न पढ़ते हैं,
आपस में सदा झगड़ते हैं,
जो शोर मचाते कक्षा में, वे छात्र बहुत ही घबराए।
चुन्नु नित पिक्चर जाते थे, फिल्मों के गाने गाते थे,
गणित की परीक्षा जब थी, वे रोए, चीखे, चिल्लाए।
प्रतिदिन विद्यालय जाते हैं, वे श्रेष्ठ छात्र कहलाते हैं,
आगे चलकर ऐसे बालक, फिर अच्छे मानव बन पाए।
पढ़ने में श्रम जो करते हैं, जीवन में खरे उतरते हैं,
उनको ही हार सफलता के, उत्तम अंकों ने पहनाए,
लो इम्तिहान के दिन आए।

क) इम्तहान आने पर किस प्रकार के छात्र घबराते हैं?

________________________________________________________________

________________________________________________________________

ख) चुन्नु जी क्या करते थे?

________________________________________________________________

________________________________________________________________

ग) चुन्नु जी ने कब रोना और चिल्लाना शुरू कर दिया?

________________________________________________________________

________________________________________________________________

घ) कैसे छात्र अच्छे और श्रेष्ठ छात्र कहलाते हैं ?

________________________________________________________________

________________________________________________________________

ङ) मेहनत से पढ़ने वालों का जीवन कैसा होता है ?

________________________________________________________________

________________________________________________________________

प्रश्नः 3) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिएः–

पुस्तक सबकी मित्र महान.
करती सारे काम आसान.
पुस्तक में ही हुए अवतरित
वेद, बाइबल और कुरान
नेक बनो तुम कहती पुस्तक।।
धरी अलमारी में जाती या बस्ते की शान बढ़ाती,
पर, पन्नों के खुलते ही वह. लेखक से है बात कराती
मुझे पढ़ो, तुम कहती पुस्तक।।
दुनिया भर की सैर कराती, ज्ञान और तकनीक सिखाती,
अंधकार से उज्ज्वल पथ की, पाठक को है राह दिखाती।
समझ चलो, तुम कहती पुस्तक।
नेक बनो, तुम कहती पुस्तक

क) पुस्तकें हमारे लिए क्या करती हैं?

________________________________________

________________________________________

ख) पुस्तकें हमें क्या संदेश देती हैं ?

________________________________________

________________________________________

ग) पुस्तकें कहाँ–कहाँ की शान बढ़ाती हैं ?

________________________________________

________________________________________

घ) पुस्तकें हमें कौन सा रास्ता दिखाती हैं?

________________________________________

________________________________________

प्रश्नः 4) इस काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिएः–

क्या कहना कठिन है काम. कभी ऐसा मत बोलो तुम।
कर सकते हो हर काम. शक्ति अपनी तो तोलो तुम।।
यदि कठिन नहीं है काम, भला उसका फिर कहना क्या।
जिसको मंजिल तक जाना है, उसको फिर डरना क्या।।
श्रम करते ही रहने से, हर मुश्किल हल होती है।
डूबे बिन सागर तल में,मिलता किसको मोती है।।
इसलिए कमर कस भाई, स्वागत कर कठिनाई का।
जूझा जो हँसकर लाल, वही है अपनी माई का।।
कायर ही कठिनाई का, रोना ले रूक जाते हैं।
वीरों के चरणों पर आकर, पर्वत तक झुक जाते हैं।।

क) हम हर काम को किस प्रकार कर सकते हैं?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

ख) किस व्यक्ति को मोती पाने में सफलता मिलती है?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

ग) 'कमर कसने' का क्या अर्थ है?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

घ) माँ का लाल कैसा होना चाहिए?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

ङ) कायर लोग कैसे होते हैं ?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

## पत्र संबंधी

क) नई कक्षा का अपना अनुभव बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

ख) विद्यालय में बुजुर्गों (दादा–दादी, नाना–नानी) के स्वागत और सम्मान हेतु मनाए जाने वाले उत्सव का विवरण देते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

ग) छोटे भाई / छोटी बहन को कुसंगति से दूर रहने का सुझाव देते हुए पत्र लिखिए।

घ) दशहरे का संदेश समझाते हुए छात्रवास में रहने वाले अपने भाई / अपनी बहन को पत्र लिखिए।

ङ) अपनी किसी भूल की क्षमा माँगते हुए अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए।

च) वर्षा ऋतु की कठिनाइयों का वर्णन करते हुए नगरपालिका के महाप्रबंधक को पत्र लिखिए।

छ) देश में बढ़ते भ्रष्टाचार की ओर ध्यान दिलाते हुए प्रधानमंत्री को पत्र लिखिए।

ज) आतंकवादियों का वीरता से सामना करने वाले सैनिकों की प्रशंसा करते हुए दैनिक समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

झ) विद्यालय में अंतर्सदन फुटबॉल मैच आयोजित कराने की अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्या जी को एक पत्र लिखिए।

## पुनराव त्ति-कार्य

प्रश्न–1 क) वर्ण–विच्छेद कीजिएः–

i) मौखिक

ii) पैसा

iii) प्रकृति

iv) स्वतंत्र

v) राष्ट्र

ख) वर्ण–संयोग कीजिएः–

i) आ + श् + ई + र् + व् + आ + द् + अ = ........................................................

ii) स् + अं + ज् + ञ् + आ = ........................................................

iii) त् + र् + इ + श् + ऊ + ल् + अ = ........................................................

iv) अ + प् + ए + क् + ष् + आ = ........................................................

# अपठित गद्यांश

प्रश्न–1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिएः

संसार की यही रीति है कि सच्चे आदमी का सभी मान करते हैं। यह भी कहा जाता है कि सच्चे आदमी के रास्ते में कोई कठिनाइयाँ आ सकती हैं। पर अंतिम जीत सच्चे आदमी की ही हुआ करती है। जब सच्चे की जीत होगी, तो झूठे की हार भी निश्चित होती है। इसी अनुभव के कारण ऐसा कहा जाता है–सच्चे का बोलबाला, झूठे का मुँह काला। सत्य बोलना एक अखंड तपस्या है। झूठ बोलना बहुत बड़ा पाप है। सच बोलने वाले के मन में भगवान स्वयं निवास करते हैं। इसलिए सत्य का दामन कभी नहीं छोड़ना चाहिए।

क) संसार की क्या रीति है ?

.....................................................................................................................................

.....................................................................................................................................

ख) सच्चे आदमी का रास्ता कैसा होता है ?

.....................................................................................................................................

.....................................................................................................................................

ग) सच्चे और झूठे के लिए अक्सर क्या कहा जाता है ?

.....................................................................................................................................

.....................................................................................................................................

प्रश्न–2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिएः–

पर्वत की छाती को तोड़, ऊँची चोटी पीछे छोड़,
बढ़ जाता सबको झकझोर, झरना करता हरदम शोर।
मिलें राह में पेड़–पहाड़, चाहे मिले झाड़–झंखाड़,
लड़ता झरना सबसे भरपूर, करता पल में सबको चूर।
मस्ती में गाता है गान, देता सबको जीवन दान।
जहाँ–जहाँ भी बहती धार, छा जाती है वहाँ बहार।
चलना ही बस उसका काम, करता नहीं कभी आराम,

बढ़ता मन में ले उल्लास, मंज़िल खुद आ जाती पास।
तुम भी मन में ले उत्साह, चलो बनाके विघ्नों में राह,
बच्चों ऐसा करो कमाल, तुम से जग हो जाए निहाल।

क) झरना किस को तोड़ तथा छोड़कर आगे बढ़ता है।

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

ख) झरना मस्ती में गाता हुआ क्या करता है ?

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

ग) झरने की धारा क्या–क्या काम करती है ?

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

संस्कृति विद्यालय
डॉ. राधाकृष्णन मार्ग
चाणक्यपुरी, नई दिल्ली–21

शैक्षिक सत्र 2014-15
प्रथम इकाई परीक्षा
विषय – हिंदी
कक्षा – सातवीं

समय: 1 घंटा 10 मिनट | अधिकतम अंक: 25

> ➢ कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्नपत्र में मुद्रित पृष्ठ 3 हैं।
> ➢ कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 9 प्रश्न हैं।

निर्देश: 1. भाषा की शुद्धता, स्वच्छता एवं मानकता पर बल दीजिए।
2. प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखिए।

प्रश्न–1. निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

बाबा जी भी मनुष्य थे। अपनी वस्तु की प्रशंसा दूसरे के मुख से सुनने के लिए उनका हृदय अधीर हो गया। घोड़े को खोलकर बाहर ले गए। घोड़ा वायुवेग से उड़ने लगा। घोड़े की चाल देखकर खड्गसिंह के हृदय पर साँप लोट गया। वह डाकू था और जो वस्तु उसे पसंद आ जाए, उस पर वह अपना अधिकार समझने लगता था। उसके पास बाहुबल था और आदमी थे। जाते जाते उसने कहा-"बाबा जी, मैं यह घोड़ा आपके पास न रहने दूँगा।"

क. गद्यांश के पाठ तथा उसके लेखक का नाम लिखिए? 1
ख. बाबा का हृदय क्यों अधीर हो गया? 1
ग. खड्गसिंह ने जाते जाते बाबा से क्या कहा? 1
घ. क्या देखकर खड्गसिंह के हृदय पर साँप लोट गया? 1

प्रश्न -2. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 2×2
क. सुलतान कौन था? उसमें क्या विशेषताएँ थीं?
ख. अंधड़ में साहस को कैसे तौला जा सकता है?

ग. 'तूफ़ानों की ओर' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न-3. आशय स्पष्ट कीजिएः 2

यह असीम, निज सीमा जाने, सागर भी तो यह पहचाने।
मिट्टी के पुतले मानव ने, कभी न मानी हार।

प्रश्न-4. किन्हीं दो शब्दों से इस प्रकार वाक्य बनाइए कि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएँः 2

अपाहिज, निज, पतवार।

प्रश्न-5. किन्हीं दो शब्दों को शुद्ध कीजिएः 1

वीस्मय, स्पदंन, विश।

प्रश्न-6. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः 2

क. भाषा के क्षेत्रीय रूप को ---------- कहते हैं।
ख. देवनागरी लिपि का विकास ------------- लिपि से हुआ है।
ग. विदेशी भाषाओं से आई ध्वनियाँ ------------ ध्वनियाँ कहलाती हैं।
घ. प्लुत स्वर के उच्चारण में ह्रस्व स्वर से ---------- समय लगता है।

प्रश्न-7. सही कथन पर सही (√) का तथा गलत पर गलत (×) का निशान लगाइएः 2

क. भारतीय संविधान में पच्चीस भाषाओं को स्वीकार किया गया है।
ख. ह्रस्व स्वर की संख्या चार है।
ग. बोली में साहित्य रचना नहीं होती।
घ. त्त, प्प, च्च आदि संयुक्त व्यंजन के उदाहरण हैं।

प्रश्न-8क. किन्हीं दो शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिएः 2

समक्ष, कृपालु, महंत, दयाहीन।

ख. किन्हीं दो शब्दों का वर्ण-संयोग कीजिएः 2

i स्+ऋ+ष्+ट्+इ
ii स्+अ+र्+व्+अ+ज्+ञ्+अ

2

iii आ+म्+अ+र्+अ+ण्+अ

प्रश्न–9. किसी एक विषय पर 100-150 शब्दों का अनुच्छेद लिखिएः 4
समाचार पत्र, व्यायाम, मेरा अनोखा सपना, हमारी हिंदी।

**शैक्षिक सत्र 2014-15**
**प्रथम सत्रीय परीक्षा**
**विषय–हिंदी**
**कक्षा–सातवीं**

**समयः 3 घंटा** **अधिकतम अंकः 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्नपत्र में मुद्रित पृष्ठ 6 हैं।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 18 प्रश्न हैं।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं।

**निर्देशः** 1. प्रश्नों को क्रम से कीजिए।
2. भाषा की शुद्धता, स्वच्छता एवं मानकता पर बल दीजिए।

**खंड- क**

प्रश्न–1. गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिएः–

''एक बार एक शिक्षक संपन्न परिवार से संबंध रखने वाले एक युवा शिष्य के साथ कहीं घूमने निकले। उन्होंने देखा कि रास्ते में पुराने हो चुके एक जोड़ी जूते उतरे पड़े हैं, जो संभवतः पास के खेत में काम कर रहे गरीब मजदूर के थे, जो अब अपना काम खत्म कर घर वापस जाने की तैयारी कर रहा था।
शिष्य को मज़ाक सूझा। उसने शिक्षक से कहा, ''गुरु जी क्यों न हम ये जूते कहीं छिपा कर झाड़ियों के पीछे छिप जाएँ। वो मजदूर इन्हें यहाँ नहीं पाकर घबराएगा तो बड़ा मज़ा आएगा।''
शिक्षक गंभीरता से बोले, ''किसी गरीब के साथ ऐसा भद्दा मज़ाक करना ठीक नहीं है। क्यों न हम इन जूतों में कुछ सिक्के डाल दें और छिप कर देखें कि इसका मज़दूर पर क्या प्रभाव पड़ता है।''

क. शिक्षक किसके साथ घूमने निकले थे? 1
ख. उन्होंने क्या देखा? 1
ग. शिष्य ने शिक्षक से क्या कहा? 1
घ. शिक्षक ने क्या जवाब दिया? 1

प्रश्न-2. पद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिएः-

खड़ा हिमालय बता रहा है
डरो न आँधी पानी में
खड़े रहो अपने पथ पर
सब संकट तूफानी में!
डिगो न अपने प्रण से तो
सब कुछ पा सकते हो प्यारे!
तुम भी ऊँचे हो सकते हो
छू सकते नभ के तारे!
अचल रहा जो अपने पथ पर
लाख मुसीबत आने में
मिली सफलता जग में उसको
जीने में मर जाने में!

क. हिमालय क्या बता रहा है? 1
ख. हम सब कुछ कब पा सकते हैं? 1
ग. सफलता किसे मिलती है? 1
घ. ऊँचे होकर हम क्या कर सकते हैं? 1

**खंड- ख**

प्रश्न-3. क. वर्ण-विच्छेद कीजिएः- (कोई दो) 2
धार्मिक, मृग, प्रवीण।

ख. वर्ण-संयोग कीजिएः- (कोई दो) 2
i आ+श्+च्+अ+र्+य्+अ
ii स्+अ+र्+व्+आ+ध्+इ+क्+अ
iii क्+अ+र्+म्+अ+च्+आ+र्+ई

ग. तत्सम रूप लिखिएः- (कोई एक) 1
रूखा, आँख

घ. तद्भव रूप लिखिएः- (कोई एक) 1
क्षीर, अग्नि

ड. निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिएः- 2
दिन, पुस्तक, गणेश।

च. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के विलोम लिखिएः- 1
पक्ष, उचित, चेतन।

छ. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिएः- (कोई एक) 1
i जिसका मूल्य न आंका जा सके-
ii अधिक बोलने वाला-

ज. किसी एक शब्द के दो अनेकार्थी लिखिएः- 2
कनक, फल

झ. किसी एक शब्द-युग्म से इस प्रकार वाक्य बनाइए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाएः- 2
दशा-दिशा, उदर-उधर।

प्रश्न-4. विशेषण छाँटकर उनके भेद लिखिएः- (कोई दो) 2
क. कक्षा में कुछ बच्चों को पुरस्कार मिला।
ख. मैं चार सौ मीटर की दौड़ जीत गया।
ग. बाहरी व्यक्तियों को भी आने दो।

प्रश्न-5. सही उत्तर पर सही (√) का और गलत पर गलत (X) का निशान लगाइएः- 2
क. सर्वनाम, विशेषण अविकारी शब्द होते हैं। ( )
ख. दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से बने शब्द यौगिक शब्द कहलाते हैं। ( )
ग. अनुनासिक ध्वनियों का उच्चारण मुँह एवं नाक से होता है। ( )
घ. जिन शब्दों के एक अर्थ होते हैं, उन्हें अनेकार्थी शब्द कहते हैं। ( )

प्रश्न-6. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः- 4
क. हिंदी में स्वरों की संख्या ____________ है।
ख. ------------शब्दों में जनजीवन तथा क्षेत्रीय भाषा का प्रभाव होता है।
ग. संस्कृत से हिंदी भाषा में आए शब्दों को ---------शब्द कहते हैं।
घ. च्छ, द्य, द्व आदि --------------- व्यंजन के उदाहरण हैं।

**खंड- ग**

प्रश्न-7. ध्यानपूर्वक गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए:-

'इसी बीच मुझे मोटर दुर्घटना में घायल होकर कुछ दिन अस्पताल में रहना पड़ा। उन दिनों जब मेरे कमरे का दरवाज़ा खोला जाता, गिल्लू अपने झूले से उतरकर दौड़ता और फिर किसी दूसरे को देखकर उसी तेज़ी से झूले में जा बैठता। सब उसे काजू दे जाते, परंतु अस्पताल से लौटकर जब मैंने उसके झूले की सफ़ाई की तो उसमें काजू भरे मिले, जिससे पता चलता है कि उन दिनों वह अपना प्रिय खाद्य कितना कम खाता रहा।

क. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है तथा इसकी लेखिका कौन हैं? 1

ख. लेखिका को अस्पताल में क्यों रहना पड़ा? 1

ग. कमरे का दरवाज़ा खोलने पर गिल्लू क्या करता था? 1

घ. अस्पताल से लौटकर लेखिका ने क्या देखा? 1

प्रश्न-8. ध्यानपूर्वक पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

पुष्प मध्य ज्यों बास बसत है, मुकुर माहिंजस छाई।
तैसे ही हरि बसैं निरंतर, घट ही खोजो भाई।
बाहर भीतर एकै जानो, यह गुरु ज्ञान बताई।
जन नानक बिन आपा चीन्हे, मिटै न भ्रम की काई।।

क. इस पद के कवि का नाम लिखिए। 1

ख. कवि हरि को कहाँ खोजने के लिए कह रहे हैं? 1

ग. गुरु ने क्या ज्ञान बताया है? 1

घ. नानक जी के अनुसार भ्रम की काई मिटाने के लिए क्या करना चाहिए? 1

प्रश्न-9. किन्हीं तीन शब्दों को शुद्ध कीजिए:- 3

प्रतीश्ठित, मिश्रीत, पेनिसीलिन, खैवटिया, मरनासन्न।

प्रश्न-10. किन्हीं तीन शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए:- 3

कर्कश, उर, उपरांत, श्रमिक

प्रश्न–11. पाठ के अनुसार सही उत्तर पर (√) का और गलत पर (X) का निशान लगाइएः– 2

क. मामा जी प्यार से अपनी गाड़ी को 'खटारा' कहते थे। ( )

ख. दीपू मनीष का बड़ा भाई था। ( )

ग. गिलहरियों के जीवन की अवधि तीन वर्ष से अधिक नहीं होती। ( )

घ. कबीर दास और मीराबाई निर्गुण कवि थे। ( )

प्रश्न–12. आशय स्पष्ट कीजिएः– 2

क. 'परिस्थितियाँ मनुष्य को मज़बूत बना देती हैं।'

अथवा

ख. जनम-जनम की पूँजी पाई, जग में सबै खोवायो।
खरचै न खूटै कोई चोर न लूटै, दिन-दिन बढ़त सवायो।

प्रश्न–13. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिएः– 1×2=2

क. पुलिसवाले के क्रोध का क्या कारण था?

ख. कबीर के अनुसार भगवान कहाँ निवास करते हैं?

ग. गरमियों की दोपहर में गिल्लू कहाँ बैठता था?

प्रश्न–14. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिएः 2×3=6

क. गिल्लू कौन था? लेखिका को वह कैसे मिला?

ख. ईश्वर कहाँ-कहाँ ढूँढ़ने पर भी नहीं मिलेंगे?

ग. दीपू कौन था? उसकी नौकरी कहाँ लग गई थी?

घ. मोती झील जाने का प्रस्ताव किसने और क्यों रखा?

प्रश्न–15. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिएः 3×3=9

क. गौरव और संजू ने आखिरी सीढ़ी पर पहुँचकर क्या सुना? उस स्वर का वर्णन कीजिए।

ख. राहुल की माँ ने प्रेसवाली के परिवार के विषय में क्या विचार प्रकट किए?

ग. कृष्ण अपनी माता से किस की शिकायत कर रहे हैं?

घ. महादेवी जी द्वारा लिफ़ाफ़े में बंद किए जाने पर गिल्लू क्या करता था?

प्रश्न–16. किसी एक निबंधात्मक प्रश्न का उत्तर लिखिएः– 5

क. पिता जी के सहयोग और राहुल के प्रयास से प्रेसवाली के परिवार की दिशा में क्या परिवर्तन आया? बाल श्रम की समस्या से निपटने में हमारी और सरकार की क्या भूमिकाएँ हो सकती हैं? संक्षेप में लिखिए।

ख. हॉर्न सुनकर लूसी और हरिया पर क्या प्रभाव पड़ा? खटारा वाहनों से तथा ट्रैफ़िक नियमों का पालन न करने से हमें किन–किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है? संक्षेप में लिखिए।

**खंड- घ**

प्रश्न–17. किसी एक विषय पर 100-150 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिएः 5

क. रक्षा बंधन

ख. मेरी पहली विदेश यात्रा

ग. मोदी सरकार के अच्छे दिन

घ. परिश्रम का महत्त्व।

प्रश्न–18. अपनी किसी भूल के लिए क्षमा माँगते हुए अपनी माँ को पत्र लिखिए। 5

अथवा

समय का महत्त्व समझाते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

**शैक्षिक सत्र 2014-15**
**वार्षिक परीक्षा**
**विषय -हिंदी**
**कक्षा -सातवीं**

**समयः 3 घंटे** **अधिकतम अंकः 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्नपत्र में मुद्रित पृष्ठ 5 हैं।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 18 प्रश्न हैं।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं।

निर्देशः 1 भाषा की शुद्धता, स्वच्छता एवं मानकता पर बल दीजिए।
2 कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

**खंड 'क'**

प्रश्न-1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में लिखिएः-

सूर और तुलसी हिंदी साहित्य-जगत के सूर्य और चंद्र हैं। दोनों ने अपने अराध्य कृष्ण और राम की बाल-लीला का अद्भुत सुंदर चित्रण किया है। बाल-हठ का चित्र दोनों की रचनाओं में उपलब्ध है। सूर जन्मांध माने जाते हैं, किंतु उनकी दिव्य दृष्टि ने बाल गोपाल की लीलाओं का ऐसा सजीव चित्रण किया कि पाठक सुध-बुध खो बैठता है। मीराबाई राजघराने की वधू होकर भी कृष्ण प्रेम में सब कुछ छोड़कर राह की भिखारिन बनीं, फिर भी वह आत्मानंद में मस्त रहीं।

क) साहित्य-जगत के सूर्य और चंद्र कौन हैं? 1
ख) सूरदास और तुलसीदास ने बाल-लीला का चित्रण कैसा किया है? 1
ग) पाठक सुध-बुध क्यों खो बैठता है? 1
घ) बाल-हठ का चित्रण किनकी रचनाओं में मिलता है? 1
ङ) मीरा भिखारिन क्यों बन गई? 1

प्रश्न-2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में लिखिएः-

जब से आया शहर, पड़ी है जैसे बेड़ी पाँव में।
राह देखती होंगी मेरी, सारी गलियाँ गाँव में।।
भुना चबैना भड़भूजे से,
हर कोई था लाता।
गन्ना चूसें, कोल्हू पे जा,
गरम-गरम गुड़ खाता।
घुस जाता तालाब नहाने,

कमल-फूल दल तोड़े।
रात-रात भर रसिया सुनते और नौटंकी गाँव में।
जब से आया शहर पड़ी है, जैसे बेड़ी पाँव में।।

क) शहर आकर क्या हुआ? 1
ख) हर कोई क्या लाता होगा? 1
ग) तालाब में नहाने के बहाने क्या तोड़ा जाता? 1
घ) गरम-गरम गुड़ कहाँ खाया जाता? 1
ङ) रात-रात भर क्या सुना जाता? 1

**खंड 'ख'**

प्रश्न-3 नीचे दिए वाक्यों के सामने सही व गलत लिखिएः- 2
क) नामधातु क्रियाएँ केवल संज्ञा शब्दों से बनती हैं। ( )
ख) जिन वाक्यों में प्रश्न किया जाए, प्रश्नवाचक वाक्य होते हैं। ( )
ग) वाक्य में उद्देश्य वाक्य के कर्ता के बारे में बताता है। ( )
घ) संयुक्त क्रिया में केवल दो क्रियाएँ साथ-साथ प्रयोग की जाती हैं। ( )

प्रश्न-4 नीचे दिए मुहावरों से वाक्य बनाइएः- (कोई तीन) 3
दाल में काला होना, आकाश-पाताल एक करना, दो टूक जवाब देना, अंधे की लाठी।

प्रश्न-5क) संरचना के आधार पर रेखांकित क्रिया का भेद लिखिएः- 2
i) बच्चों को देखते ही कुत्ता उठकर भाग गया।
ii) अध्यापिका ने छात्रों से पाठ पढ़वाया।
ख) वाक्य में रेखांकित क्रिया का काल पहचान कर लिखिएः- 2
i) सबने चाय पी।
ii शायद कल सामान पहुँच जाए।

प्रश्न-6क) अर्थ के आधार पर किन्हीं दो वाक्यों का भेद बताइएः- 2
i) यह आपकी पुस्तक नहीं है।
ii) शायद कल काम न हो।
iii) क्या आपने सामान हटा लिया?
ख) वाक्य में से उद्देश्य छाँटकर बताइएः- 2
i) सौरभ के पिता ने सभी लोगों से शांत रहने को कहा।
ii महेश ने काम कर लिया।

प्रश्न-7क) रेखांकित क्रिया-विशेषण शब्दों के भेद बताइएः- 3
i) मदारी जोर-जोर से चिल्ला रहा था।
ii) वह दिनभर सोता रहा।

iii) मीता भारी सामान मत उठाओ।

ख) नीचे दिए रिक्त स्थान में उचित अव्यय भरिएः-

i) उसने अपने आत्मविश्वास ............अपनी मंजिल पाई।

ii) ......! कुरसी के नीचे चूहा।

iii) केसर बीमार था............... परीक्षा न दे सका।

iv) ...............! इसी तरह आगे बढ़ते रहो।

**खंड 'ग'**

प्रश्न-8 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिएः-

इतना और याद रखना कि अब से हमें गरीबी में रहना है। जितना अधिक मैं विचार करता हूँ उतना ही अधिक मुझे लगता है कि गरीबी में अधिक सुख है। अमीरों की तुलना में गरीब अधिक सुखी हैं। खेत में घास और गड्ढा खोदने में पूरा समय देना। भविष्य में हमें अपना निर्वाह इसी से करना है। मेरी इच्छा है कि अपने परिवार में तुम एक योग्य किसान बनो। सभी औज़ारों को सदा साफ़ और सुव्यवस्थित रखना।

क) गद्यांश के पाठ का नाम बताइए। 1

ख) खेत में किस काम को करने में पूरा समय देने को लेखक ने कहा है? 1

ग) कौन अधिक सुखी है? 1

घ) लेखक की क्या इच्छा है 1

प्रश्न-9 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में दीजिएः

हुआ विवाद सदय-निर्दय में
उभय आग्रही थे स्वविषय में
गई बात न्यायालय में
सुनी सभी ने जानी
सुनी सभी ने जानी
व्यापक हुई कहानी

क) कविता के कवि का नाम बताइए? 1

ख) सदय-निर्दय के बीच क्या हुआ? 1

ग) बात कहाँ पहुँची? 1

घ) सबके जानने पर क्या हुआ? 1

प्रश्न-10 आशय स्पष्ट कीजिएः-

तृष्णा रोग का अंतिम समय होता है, जब संपूर्ण इच्छाएँ एक ही केंद्र पर आ जाती हैं। 2

अथवा

न्याय दया का दानी तूने गुनी कहानी।

प्रश्न–11 किन्हीं चार शब्दों को शुद्ध कीजिएः– 2

क) चैटी, भरमड़, सन्ग्रह, बेवकत, चेश्टा।

ख) किन्हीं तीन शब्दों से वाक्य बनाइएः– 3

रक्षा, ठहाका, शर, तुलना, क्षुधा।

प्रश्न–12 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (15-20 शब्दों में) लिखिएः– 1x2

क) काकी बुद्धिराम के घर क्यों रहती थी?

ख) अप्पाराव की किस बात का पता चलने पर उसके पिता रो पड़े?

ग) घायल हंस को किसने बचाया था?

प्रश्न–13 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (20-30 शब्दों में) लिखिएः– 2x2

क) कविता के आधार पर उपवन की सुंदरता का वर्णन कीजिए।

ख) मुंशी प्रेमचंद ने बुढ़ापे को बचपन का पुनरागमन क्यों कहा है?

ग) 'बा' कौन थी? पत्र से उनके विषय में क्या जानकारी मिलती है?

प्रश्न–14 किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर (35-50 शब्दों में) लिखिएः– 3x3

क) काकी को किस सुगंध ने बेचैन कर दिया था? उन्होंने पूड़ियों को लेकर क्या–क्या कल्पना की?

ख) बारह वर्ष की आयु के बाद हमें किन–किन गुणों के विकास की ओर ध्यान देना चाहिए?

ग) अप्पाराव ने अखबार में किसकी तस्वीर देखी थी और उसके मन में क्या विचार आने लगे?

घ) शांत उपवन में सहसा क्या घटित हुआ जिसने बगीचे की शांति भंग कर दी?

प्रश्न–15 चंद्रयान के बहाने प्रधानाचार्य ने अप्पराव को किस बात का ज्ञान कराया? धन की फिजूलखर्ची शायद इतनी हानिकारक नहीं होती, उससे भी ज्यादा बुरा है चरित्र का बिगड़ जाना। इस विषय पर रोशनी डालते हुए आप अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। 5

अथवा

घर के सबके सो जाने पर भी लाडली क्यों जगी थी? क्या आप लाडली की जगह होते तो वही करते जो उसने किया या कुछ और? अपने विचारों को संक्षेप में लिखिए।

**खंड 'घ'**

प्रश्न–16 मित्र को पत्र लिखकर बताइए कि आपने बाल–दिवस कैसे मनाया। 5

अथवा

अपने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था की ओर ध्यान दिलाते हुए थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए।

प्रश्न–17 किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिएः– 5

क) गणतंत्र दिवस
ख) सफाई का महत्त्व
ग) जब मैंने अपनी गलती मानी।
घ) उफ! यह प्रदूषण

प्रश्न–18 रेवा नींबू पानी अथवा बेरी–बेरी चॉकलेट का विज्ञापन बनाइए। 5

अथवा

चित्र देखकर कहानी लिखिएः–

